हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 3 मार्च, 2017/ 12 फाल्गुन, 1938 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 7

मरीजों के परिजनों को असुविधा

1570 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के ग्लास हाउस जिसे मरीजों की देखभाल करने वाले संबंधी इस्तेमाल करते थे, वह अब बन्द कर दिया गया है; जिससे मरीजों के तीमारदारों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार निकट भविष्य में इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के निकट मरीजों के तीमारदारों के ठहरने हेतु सराय का निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

भवन निर्माण

1571 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला कुल्लू में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत किस-किस संस्थान के भवन निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि कब-कब स्वीकृत हुई तथा किस-किस भवन का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग तथा अन्य

संस्थाओं को सौंपा गया और कब-कब धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति सहित दें?

पेयजल/सिंचाई योजनाएं

1572 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कौन-कौन सी पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं ऐसी हैं जिनकी स्वीकृति हो चुकी थी और ठेकेदारों को ठेके पर दी गई थी परन्तु निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है; ब्यौरा योजनाशः ठेकेदारों के नाम, लागत और विलम्ब के कारण सहित दें; और

(ख) निर्माण कार्य में विलम्ब के लिए किस-किस ठेकेदार के विरूद्व क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा योजनाओं की अद्यतन स्थिति सहित दें?

हैण्डपम्पों की स्थापना

1573 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने हैण्डपम्प कहां-कहां स्थापित किए गये; ब्यौरा ग्राम पंचायतवार व वर्षवार दें; और

(ख) इनमें से कितने सुचारू रूप से चल रहे हैं और कितने बन्द हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें?

Referred Patients

1574 **Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) during the year 2016 how many indoor patients have been referred from Zonal Hospital Hamirpur to either I.G.M.C. Shimla or P.G.I. Chandigarh; and

(b) what was the actual cause to refer those patients?

सिंचाई कूहलें

1575 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जायका के अन्तर्गत कितनी सिंचाई कूहलों का निर्माण किया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इनका निर्माण कार्य किसके माध्यम से किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि सिंचाई कूहल बरजोहडू से बनी बन्द पड़ी है; यदि हां, तो इसके पुनर्निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

आंगनबाड़ी सहायक

1576 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका(HELPER) के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा केन्द्रवार दें; और

(ग) सहायिका की नियुक्ति की चयन प्रक्रिया क्या है; प्रति सभा पटल पर रखें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 15 फरवरी, 2017. **सचिव।**